भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1005**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

## युवा खेल केन्द्र

**1005. श्री अशोक कुमार रावतः**
**श्री राकेश राठौर :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश भर में राष्ट्रीय स्तर के युवा खेल केन्द्रों की स्थापना करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश के कितने जिलों में राष्ट्रीय स्तर के युवा खेल केन्द्र स्थापित किए गए हैं;

(ग) उत्तर प्रदेश के कितने जिलों में राष्ट्रीय स्तर के युवा खेल केन्द्रों की स्थापना प्रस्तावित है;

(घ) क्या सरकार की उत्तर प्रदेश के सीतापुर और मिश्रिख जिलों में ऐसे खेल केन्द्र स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उक्त केन्द्रों की स्थापना के लिए कब तक कदम उठाए जाएंगे?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है तथा केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में सहायता करती है। राष्ट्रीय स्तर का कोई विशिष्ट युवा खेल केंद्र स्थापित नहीं किया गया है। तथापि, सरकार ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से देश भर में 186 साई केंद्र स्थापित किए हैं (जिनमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों लखनऊ, रायबरेली, इटावा, बरेली, वाराणसी, गाजियाबाद, मिर्जापुर, बागपत, मुजफ्फरनगर और मेरठ में 14 खेल केंद्र शामिल हैं) जिनमें राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई), एसएआई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी), एसटीसी के विस्तार केंद्र, राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) स्कीम आदि शामिल हैं जो साई की खेल प्रोत्साहन स्कीमों को लागू कर रहे हैं। इसका राज्य-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेल केंद्रों का विवरण यूआरएल : https://dashboard.kheloindia.gov.in/khelo-india-center-dashboard पर उपलब्ध है। साथ ही, उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिला में मेजर ध्यान स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेलो इंडिया केंद्र की स्थापना की गई है।

*****

अनुबंध

**“युवा खेल केन्द्र” के संबंध में श्री अशोक कुमार रावत और श्री राकेश राठौर द्वारा दिनांक 02.12.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1005 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**वर्ष 2024-2025 के लिए साई के स्कीमों के अंतर्गत राज्य-वार केंद्रों की संख्या**

| | | केंद्रों की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | | | | एनएसटीसी | | | |
| | | एनसीओई | एसटीसी | विस्तार केंद्र | नियमित स्कूल | आईजीएमए | अखाड़े | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 3 | असम | 1 | 4 | 4 | 1 | 1 | 1 | **12** |
| 4 | बिहार | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** |
| 5 | छत्तीसगढ | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 6 | गोवा | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 7 | गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 8 | हरियाणा | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 5 | **10** |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | **5** |
| 10 | झारखंड | 0 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | **4** |
| 11 | कर्नाटक | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** |
| 12 | केरल | 2 | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 | **7** |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1 | 3 | 2 | 1 | 0 | 3 | **10** |
| 14 | महाराष्ट्र | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 14 | **17** |
| 15 | मणिपुर | 1 | 2 | 0 | 1 | 2 | 0 | **6** |
| 16 | मेघालय | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 17 | मिजोरम | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 18 | नागालैंड | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 19 | ओडिशा | 1 | 3 | 2 | 1 | 0 | 1 | **8** |
| 20 | पंजाब | 1 | 4 | 2 | 0 | 1 | 3 | **11** |
| 21 | राजस्थान | 0 | 3 | 7 | 2 | 0 | 8 | **20** |
| 22 | सिक्किम | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 23 | तमिलनाडु | 0 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | **5** |
| 24 | तेलंगाना | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | त्रिपुरा | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | **2** |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 1 | 4 | 1 | 1 | 0 | 7 | **14** |
| 27 | उत्तराखंड | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | **8** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (यूटी) | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 30 | चंडीगढ़ (यूटी) | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | **2** |
| 31 | दिल्ली (यूटी) | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 8 | **13** |
| 32 | जम्मू एवं कश्मीर (यूटी) | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 33 | लद्दाख (यूटी) | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 34 | लक्षद्वीप (यूटी) | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 35 | पुडुचेरी (यूटी) | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| | **कुल :** | **24** | **69** | **25** | **9** | **9** | **50** | **186** |

****